# प्रैक्टिस सेट-1

1. जन संचार
   (a) का उद्देश्य किसी शहर के निवासियों तक संदेश पहुंचाना है
   (b) के लिए प्रौद्योगिकी पर आधारित संचार माध्यम के वाहनों की आवश्यकता नहीं है
   (c) जनसाधारण तक सूचना पहुंचाने के लिए प्रयुक्त निर्वैयक्तिक उपकरण है
   (d) प्रसार की दृष्टि से द्विकीय संप्रेषण की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली है
2. हम इंटरनेट का प्रयोग कर सकते हैं-
   (a) ई-मेल भेजने और प्राप्त करने के लिए
   (b) पी सी-टु-फोन संदेशवाही उपकरणों द्वारा एक ही समय में अनेक लोगों को संदेश भेजने के लिए
   (c) 'इंटरनेट रिले चैट' (आई.आर.सी.) द्वारा अनेक नेट 'सर्फर्स' के साथ अंत:क्रिया के लिए
   (d) उपर्युक्त सभी
3. किसी इंटरनेट नेटवर्क में-
   (a) केवल एक इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है और नेटवर्क की अन्य संधियां इसका प्रयोग कर सकती हैं
   (b) 'कनेक्टिविटी' भारत में स्थित एक 'आई.एस. पी.' द्वारा दिया जाता है।
   (c) मुख्य कम्प्यूटर प्रणाली से तीन से अधिक 'नोड' संयोजित नहीं हो सकते हैं।
   (d) इनमें से कोई नहीं
4. ''पुस्तकें भी जन-संचार के उपकरण हैं'' क्या आप इस वक्तव्य से सहमत हैं?
   (a) हां! वे लाखों लोगों के बीच सूचना तथा आंकड़ों का प्रसार करती हैं
   (b) नहीं! उनका परिक्षेत्र सीमित होता है क्योंकि वे विषय-केन्द्रित होती हैं
   (c) नहीं! वे लोगों का मनोरंजन नहीं करती हैं और आज के जनसंचार माध्यम निश्चित रूप से मनोरंजन करते हैं
   (d) हां! वे अत्याधुनिक (स्टेट-ऑफ-दी आर्ट) छपाई तकनीकों का प्रयोग करते हैं और प्रस्तुतियां श्रव्य-दृश्य माध्यम की तुलना में बेहतर होती हैं।
5. मौन भी है एक प्रकार का/की-
   (a) प्रतिवाद (b) विद्रोह
   (c) संप्रेषण (d) असहमति
6. ''संचार माध्यम श्रोताओं/दर्शकों की रुचियों एवं प्राथमिकताओं को निर्धारित करते हैं'' क्या आप इस वक्तव्य से सहमत हैं?
   (a) हां! पूर्ण रूप से
   (b) नहीं! लोग अपनी मानसिक जड़ता से बाहर नहीं निकल पाते हैं
   (c) आंशिक रूप से! कुछ लोग संचार माध्यम के संदेशों के प्रति ग्रहणशील होते हैं पर अन्य लोग नहीं, रुचियां और प्राथमिकताएं बदलती अवश्य हैं परंतु श्रोताओं/दर्शकों की सामाजिक-आर्थिक दशाओं के अनुसार रुचियों का पूर्ण रूपांतरण एक मिथक है।
   (d) नहीं! अधिकांश लोग ऐसी रुचियां और प्राथमिकता विकसित करते हैं या उनका समर्थन करते हैं जो उनके बचपन के वर्षों से ही उनके मस्तिष्कों में घर कर चुके होते हैं।
7. 'इंटरनेट व्यसन व्याधि' (इंटरनेट एडिक्शन डिसॉर्डर) क्या है?
   (a) यह असंतोष की एक अवस्था है जो ई-मेल संदेशों के दोषपूर्ण प्रसारण के कारण उत्पन्न होती है
   (b) यह बच्चों की मनोदशा में 'नेट' के प्रति उनके अतिशय रुझान के कारण होनेवाला परिवर्तन है
   (c) यह इंटरनेट पर आधारित सेवाओं के लगातार इस्तेमाल के कारण किसी इंटरनेट प्रयोक्ता के व्यवहार में परिवर्तन है; इस स्थिति में इंटरनेट प्रयोक्ता एकांतजीवी, कुंठित और अत्यंत क्रोधी स्वभाव का हो जाता है।
   (d) यह युवाओं और बच्चों पर अश्लील वेबसाइटों का नकारात्मक प्रभाव है।

8. निम्नलिखित में से कौन महिलाओं की पत्रिका नहीं है?
   (a) मेरी सहेली (b) मनोरमा
   (c) सरिता (d) गृहशोभा
9. प्रसार भारती का संचालन कितने सदस्यीय बोर्ड द्वारा किया जाता है?
   (a) छः (b) आठ
   (c) नौ (d) दस
10. प्रसार भारती के मुख्य घटक कितने हैं?
   (a) पांच (b) तीन
   (c) दो (d) छः
11. आकाशवाणी की प्रसारण सेवा कितने चैनल द्वारा होती है?
   (a) छः (b) चार
   (c) तीन (d) पांच
12. 'लहासा कौल' पुरस्कार किसके द्वारा दिया जाता है?
   (a) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
   (b) दूरदर्शन
   (c) आकाशवाणी
   (d) किसी के द्वारा नहीं
13. भारत में दूरदर्शन की नियमित सेवा किस सन् में प्रारम्भ हुई?
   (a) 1959 (b) 1965
   (c) 1972 (d) 1975
14. उपग्रह प्रणाली से टेलीविजन सम्प्रेषण का प्रयोग किस सन् में किया गया?
   (a) सन् 1975-76 (b) सन् 1965-66
   (c) सन् 1972-73 (d) सन् 1973-74
15. एक टीवी स्टेशन का बिक्री प्रबंधक नीचे में से किस विशेषता से प्रेरित नहीं होता?
   (a) स्व-प्रेरणा
   (b) ग्राहकों का विश्वासपात्र बनाना
   (c) अपने टीवी स्टेशन के सॉफ्टवेयर का ज्ञान
   (d) निर्माण से पहले योजना की विधियां
16. वी द पीपुल नामक चैट शो का प्रसारण कहां से होता था?
   (a) स्टार टीवी नेटवर्क (b) सीएनएन
   (c) निकेलोडियन (d) जीटीवी नेटवर्क
17. देशी प्रेस अधिनियम (1875) को क्या कहकर पुकारा जाता है?
   (a) लिटन अधिनियम (b) गेगिंग अधिनियम
   (c) पूर्णनियंत्रण कानून (d) सुसंगत नियंत्रण कानून
18. भारतीय जनसंचार इंस्टीट्यूट की एक शाखा कहां नहीं है?
   (a) कोट्टयम (केरल) (b) धेनकेनक (उड़ीसा)
   (c) मदुरै (तमिलनाडु) (d) डिमापुर (नागालैंड)
19. डेनियल पर्ल नीचे में से किस प्रकाशन के लिए कार्य करते थे?
   (a) वाशिंगटन रिव्यू (b) शिकागो ट्रिब्यून
   (c) वाशिंगटन पोस्ट (d) न्यूयार्क टाइम्स
20. व्यक्ति की गोपनीयता की अवधारणा की व्याख्या कहां की गई है?
   (a) मानवाधिकारों की वैश्विक घोषणा के 10वें अनुच्छेद में (1948)
   (b) मानवाधिकारों की वैश्विक घोषणा के 12वें अनुच्छेद (1948)
   (c) मानवाधिकारों की वैश्विक घोषणा के 10(ए) वें अनुच्छेद में (1948)
   (d) इनमें से कोई नहीं।
21. एक मुठभेड़नुमा साक्षात्कार क्या है?
   (a) एक पत्रकार दूरदराज के ऐसे इलाके में आतंकवादियों से साक्षात्कार लेता है जिस इलाके में आतंकवादियों का वर्चस्व हो।
   (b) पत्रकार टीवी स्टूडियो में आतंकवादी का साक्षात्कार लेता है।
   (c) कैमरा के सामने पत्रकार अचानक कोई अनपेक्षित विषय उठाता है।
   (d) पत्रकार सुरक्षाकर्मी की मदद से व्यक्ति की पहचान सुनिश्चत करता है ताकि उससे साक्षात्कार लिया जा सके।
22. यह विज्ञापन, "आवश्यकता है, वीर सिपाहियों की। वेतन : मृत्यु, पुरस्कार : शहादत, पेंशन : स्वतंत्रता, युद्ध-स्थल : भारत" किस पत्र ने प्रकाशित किया?
   (a) केसरी (b) कॉमरेड
   (c) गदर (d) युगान्तर
23. असत्य पर निशान लगाईए।

| पत्र | संस्थापक/संपादक स्थान |
|---|---|
| (a) जन्मभूमि | अमृतलाल सेन बम्बई (मुम्बई) |
| (b) सर्चलाईट | सच्चिदानन्द सिन्हा जबलपुर |
| (c) प्रताप | गणेश शंकर विद्यार्थी कानपुर |
| (d) सैनिक | कृष्णदत्त पालीवाल आगरा |
| (e) वीर अर्जुन | स्वामी श्रद्धानन्द दिल्ली |

24. 'हिन्दोस्थान' नामक समाचार-पत्र का प्रकाशन 1885 ई. में राजा रामपाल सिंह ने कहां से किया था?
   (a) झांसी (b) मांडा
   (c) कालाकांकर (d) अमेठी

25. असत्य पर निशान लगाइए।
   (a) उदन्त मार्त्तण्ड, युगलकिशोर शुक्ल, कलकत्ता, 1826
   (b) बंगदूत, नीलरत्न हालदार, कलकत्ता, 1828
   (c) बनारस अखबार, सी. पी. राव, बनारस, 1845
   (d) मालवा अखबार, प्रेमनाराण, इन्दौर, 1848

26. हिन्दी के किस समाचारपत्र ने अपने यहां सबसे पहले फोटो कम्पोजिंग और वेव ऑफसेट मशीन लगायी?
   (a) भास्कर (b) नवभारत
   (c) देशबन्धु (d) नई दुनिया

27. आज समाचार-पत्र के विकास का मूल्यांकन किस में निहित हो गया है?
   (a) पृष्ठ-संख्या में (b) प्रचार-प्रसार में
   (c) प्रेस-सामग्री में (d) गुणवत्ता में

28. छोटे समाचारपत्र की एक समस्या क्या है?
   (a) समाचार व तथ्य संकलन में कठिनाई
   (b) कमजोर विषय वस्तु
   (c) क्षेत्रीय बाजारों का संरक्षण पाने में कठिनाई
   (d) खराब मुद्रण

29. मीडिया क्या नहीं कर सकता?
   (a) जनता की रूचि में बदलाव या उसे आकार देना
   (b) जनता पर सामाजिक नियम थोपना
   (c) जनता के मानसिक क्षितिज का विस्तार करना
   (d) कम समय में असरदायक बदलाव लाना

30. किसने कहा, 'ब्रिटिश राज के दिनों में गलत इंगलैण्ड भारत में आया''?
   (a) आर एन टैगोर (b) एम के गांधी
   (c) जे एल नेहरू (d) राजा राममोहन राय

31. पी सी जोशी के अनुसार रेडियो और टीवी क्या है?
   (a) इकतरफा संचार साधन
   (b) दोतरफा संचार साधन
   (c) एक तरफा के साथ-साथ दोतरफा संचार साधन
   (d) इनमें से कोई नहीं

32. अंग्रेजों के शासन काल में गांधी ने भारत में सांस्कृतिक एवं आर्थिक परिवर्तन की प्रक्रिया कैसे शूरू की थी?
   (a) उन्होंने सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध की नीति अपनाई थी।
   (b) उन्होंने पश्चिमी मूल्य प्रणाली पर रोक लगाई और भारतीय मूल्य प्रणाली की श्रेष्ठता का प्रचार किया।
   (c) उन्होंने जनता के साथ वर्गों की दूरी की पहचान की और इस अलगाव को दूर करने का प्रयास किया।
   (d) उन्होंने शासकों के विरूद्ध प्रचार के जरिए भारत में प्रचलित पश्चिमी संस्कृति से जनता को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की।

33. मार्शल मेकनुहान के अनुसार ग्लोबल विलेज की अवधारणा क्या है?
   (a) इलेक्ट्रोनिक (इलेक्ट्रिक) प्रौद्योगिकियां जनता का परिर्वतन करने में मदद कर सकती है।
   (b) इलेक्ट्रोनिक (इलेक्ट्रिक) प्रौद्योगिकियां व्यक्ति से व्यक्ति का संबंध कायम रख सकती है।
   (c) ज्यादातर नई प्रौद्योगिकियां लोगों को निर्धारित और व्यक्तिवादी बनाती है।
   (d) इलेक्ट्रोनिक युग जनता को जागरूक बनाने में सफल नहीं होगी।

34. भारतीय परिप्रेक्ष्य में पूर्व औद्योगिक समाज से औद्योगिक समाज में संक्रमण का क्या प्रभाव पड़ा?
   (a) इस संक्रमण ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को प्रभावित किया क्योंकि हम बदलाव का विरोध करते हैं।
   (b) इस संक्रमण ने हमारे बुनियादी सांस्कृतिक मूल्यों को अपना लिया और पश्चिमी संस्थानों को हमारे देश में गहरी जड़ें जमाने की छूट दी।